तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 7 अप्रैल 2025

13 भगवान श्रीराम की निकली भव्य शोभायात्रा डीजे व ...



14 नवरात्रि के आखिरी दिन देवी मंदिरों में ज्योत ...







भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...

देवलाल ऑटो पार्ट्स

शिवाजी चौक, राजिम मो. 8839978360

मा. रोहित साहू जी
विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र



मा. कुलेश्वर साहू
सभापति नगर पंचायत, राजिम

मो. 87700-12645, 94076-26176

आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान

नगद खरीदें - सस्ता खरीदें

यूनिक इलेक्ट्रॉनिक्स & फर्नीचर




हीरो शोरूम के सामने, चम्पारण चौक, नवापारा (राजिम)

क्वालिटी में कोई समझौता नहीं

सभी सामान एक छत के नीचे

दाम भी बजट के अनुरूप

घर पहुंच सेवा

एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर सामान थोक रेट में उपलब्ध

T&C*

## खबर संक्षेप

### लफंदी में मानसगान समारोह आज से

**राजिम।** ग्राम लफंदी में 7 से 10 अप्रैल तक तीन दिवसीय राज्यस्तरीय मानसगान समारोह का आयोजन होगा। यह जानकारी ओमसाय साहू, गैंद लाल साहू, चेमन तारक ने दी।

### आईपीएल मैच में सट्टा दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा में आईपीएल मैच में सट्टा लगाने वाले दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओम सांई ट्रेवल्र्स बस स्टैंड बागबाहरा में पपिंदर सिंह छाबड़ा नाम का व्यक्ति लोगो को मोबाईल फोन के माध्यम से रुपए पैसों का दांव लगवाकर आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिला रहा है। इसके बाद मौके पर पहुंचकर एक व्यक्ति को अपने मोबाइल से आईपीएल मैच में सट्टा खिलाते हुए पकड़ा गया। पूछताथ में आरोपी ने अपना नाम पपिंदर सिंह छाबड़ा पिता परमजीत सिंह छाबडा (41 वर्ष) वार्ड नं 08 बागबाहरा का निवासी होना बताया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने मोबाइल कीमत 4000 रुपए बरामद किया, जिसमें आईपीएल क्रिकेट सट्टा खेलने खिलाने एवं क्रिकेट सट्टे की रकम संबंधी लेनदेन जानकारी थी एवं नगदी रकम 9640 रुपए कुल जुमला रकम 13640 को जब्त कर पंचनामा तैयार किया गया। पुलिस ने बताया कि उक्त आईपीएल किक्रेट सट्टा का सौदा जगजोत सिंह दुआ उर्फ गोल्डी वार्ड नं 08 बागबाहरा को उसके लाइन के मोबाईल नंबर के माध्यम से एवं क्रिकेट सट्टा की रकम नगदी हाथों हाथ देना लिखित में दिया गया। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 7 एलसीजी के तहत कार्रवाई की।

### जंगली सुअर का शिकार 4 आरोपी गिरफ्तार

**सरायपाली।** वन परिक्षेत्र द्वारा जंगली सुअर का शिकार करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वन परिक्षेत्र सरायपाली अंतर्गत बहेरापाली के ग्राम पोटापारा में नारद पिता पंचराम बरिहा जाति बिंझवार (53 वर्ष) के घर में अवैध शिकार कर वन्यप्राणी मांस रखने की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को मिली थी। इसकी जानकारी जिला वन मंडल अधिकारी को जानकारी दी गई। जिला वन मंडल अधिकारी पंकज राजपूत के निर्देशन पर उप वन मंडल अधिकारी अनिल भास्करन ने प्रत्यूष टांडेय व अन्य वन अधिकारी और कर्मचारियों ने सरायपाली परिक्षेत्र के बहेरापाली के ग्राम पोटापारा में दबिश देकर आरोपी के घर की तलाशी के दौरान वन्य प्राणी जंगली सुअर का 8 नग हड्डी तथा खून लगा हुआ प्लास्टिक बोरा एवं थैला जब्त किया गया है। आरोपी नारद बरिहा ने पूछताछ पर बताया कि उसके साथ हेमसागर साव पिता भुवनेश्वर, तिरिथ राम कोंध पिता जोगीलाल, प्रदीप कुमार सिदार पिता नंद कन्हैया सिदार वन्य जीव के शिकार में शामिल थे।

विडंबना : यहां के लोग सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी और बिजली को तरस रहे

# जनलेवा खाई, गड्ढों व पहाड़ी रास्ते को पार कर नारीपानी कंवरआमा पहुंचते हैं ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

केंद्र व राज्य सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित किया जा रहा है जिससे दूरस्त वनांचल क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दूरस्त वनाचंलों में बसे कमार जनजाति ग्रामों तक रौशनी नहीं पहुंच पा रही है यह सोचने को मजबूर करता है। संबंधित विभाग के अफसरों के उदासीन रवैये के चलते कमार जनजाति के लोगों को सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का आज भी लाभ नहीं मिल पा रहा है और तो और इन ग्रामों में संबंधित विभाग के जिम्मेदार अफसरों द्वारा कभी दौरा करना भी पसंद नहीं करते। अपने एसी कमरे में बैठकर ही आदेश और निर्देश जारी किया जा रहा है जिसके कारण विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के लोगों को सरकार की योजनाओं का जो लाभ मिलना चाहिए वह नहीं मिल पा रहा है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 15 किलोमीटर दूर ग्राम कंवरआमा और नारीपानी के ग्रामीण आज भी आजादी के 76 साल बाद भी बुनियादी ▶▶|शेष पेज 12 पर







### सड़क निर्माण किया जाएगा

पिछले दिनों तुहामेटा के दौरे में गया था तब कंवरआमा नारीपानी के ग्रामीणों ने उनसे मुलाकात कर सड़क व पेयजल की समस्या बताया था तो तत्काल सड़क निर्माण के लिए संबंधित विभाग को कहा गया था। जनमन योजना के तहत सड़क निर्माण करवाने की बात कही है। साथ ही जल्द ही कंवरआमा, नारीपानी पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात करेंगे।

- **जनक ध्रुव,** विधायक बिन्द्रानवागढ़

### लालटेन युग में जीवन जीने को मजबूर

ग्राम कंवरआमा नारीपानी में आज तक बिजली नहीं लगी है ग्रामीणों के घरो में सौरउर्जा प्लेट लगााया गया है कई सौर उर्जा प्लेट खराब हो गई है इसकी सुधार कौन करेगा। जल जीवन मिशन योजना के तहत नारीपानी में लगाए गए बोर में पानी की कमी के कारण पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है और हैंडपंप का पानी आयरन लाल युक्त है तो वहीं कंवरआमा में जल जीवन मिशन से प्रयाप्त पानी मिल रहा है। स्वास्थ्य की कोई सुविधा नहीं है स्कूल और आंगनबाड़ी का संचालन किया जा रहा है।

### पीएम आवास का लाभ मिलने से ग्रामीणों में हर्ष

कंवरआमा और नारीपानी में लगभग 40 कमार परिवार निवास करते है और इन्हे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने से ग्रामीणों में खुशी देखने को मिल रही है गांव में प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य इन दिनों किया जा रहा है और तो और गांव में मोबाईल का टॉवर भी लगा है सबसे ज्यादा परेशान इन्हे सड़क की है ग्रामीणों का मानना है पक्की सड़क का निर्माण हो जाने से गांव तक विकास अपने आप पहुंच जायेगी।

# पेड़ से टकराई कार, दो महिलाएं गंभीर



**मैनपुर।** नेशनल हाईवे 130सी पर रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब एक तेज रफ्तार कार माहुलकोट के पास पेड़ से टकरा गई। रायपुर से देवभोग की ओर जा रही यह कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक बड़े पेड़ से जा भिड़ी। इस कार हादसे में गरियाबंद जिले की दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि एक अधेड़ पुरुष और एक बच्चा मामूली चोट लगी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा इतना जबरदस्त था कि टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी। कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और अंदर बैठे लोग बुरी तरह फंसे रह गए। मौके पर स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया डॉक्टरों ने बताया कि दोनों महिला यात्रियों की हालत चिंताजनक बनी हुई है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र रेफर किया जा रहा है। हादसे का कारण वाहन की तेज रफ्तार और संभवतः ड्राइवर का संतुलन खोना बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं इस दुर्घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# पटेवा में त्रिदिवसीय अखंड रामायण व मानसगान आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम पटेवा में 47 वें वर्ष श्री पटेश्वर मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में त्रिदिवसीय अखंड रामायण एवं भव्य मानस गान का आयोजन 7 अप्रैल से होगा। यह जोगीराम साहू ने बताया कि दीप प्रज्वलित के अवसर पर जय मारादेव मारिया पुरन जस झांकी परिवार पचपेड़ी भखारा की प्रस्तुति होगी। इस भव्य मानस गान सम्मेलन की मानस पटल पर छत्तीसगढ़ की ख्याति प्राप्त मंडलियों की प्रस्तुति होगी। 8 अप्रैल के शुभारंभ के प्रथम दिवस चंचल मानस मंडली टोनाटार बलोदा बाजार, श्रीराम मानस मंडली बेलर अभनपुर, आदिशक्ति मानस परिवार बकतरा मंदिर हसौद, पावन धारा मानस मंडली छुईहा गरियाबंद, दुर्गा मानस परिवार टूमसा झलक, पूजा के फूल बालिका मानस मंडली छतोड़ तिल्दा नेवरा, समर्पण महिला मानस मंडली धर्मपुर रायपुर एवं अन्नपूर्णा महीला मानस मंडली मोखला आरंग की प्रस्तुति एवं द्वितीय दिवस नवयुवक मानस परिवार गोडी अहिवारा दुर्ग, श्री राम मानस परिवार बेलर गांव सिहावा नगरी, श्री गौरांश बुद्धदेव मानस मंडली पुरैना छुईखदान, उत्कल भारतीय मानस मंडली बया बलोदा बाजार, राधे मानस परिवार रायपुर, नव जागृति मानस मंडली जूनापानी बालोद, मंगलदीप मानस मंडली रामाटोला डोंगरगढ़, तुलसी के पूजा बालिका मानस मंडली धमतरी की प्रस्तुति एवं तृतीय दिवस पारसमणी मानस मंडली पुरानी बस्ती रायपुर, ज्ञान गंगा मानस परिवार उकेरा धरसीवा, मां शारदा मानस परिवार नारायणपुर उत्तर बस्तर, रामकिंकर मानस मंडली अहिवारा दुर्ग, उपासना बालिका मानस मंडली कुम्हारी दुर्ग, ममतामई महिला मानस मंडली भोथली डूंगरगढ़, संगीता मानस मंडली टुण्ड्रा बड़ौदाबाजार एवं मोर मयारू मानस परिवार गांजर बागबाहरा की प्रस्तुति होगी। तीन दिनों तक चलने वाली इस रामायण सम्मेलन में शामिल होने वाले सभी मंडलियो को समिति के द्वारा सांत्वना राशि, श्री फल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। 10 अप्रैल को समापन अवसर पर भोग भंडारा का आयोजन किया गया है।

## देवी भागवत कथा के समापन पर हुआ हवन यज्ञ...



छुरा। शीतला माता समिति छुरा द्वारा चैत्र नवरात्र पर देवी भागवत कथा आयोजन किया गया। जिसका अंतिम दिवस में यज्ञ हवन एवं भंडारे के साथ समापन हुआ। कथा वाचक रामानुज अनिरुद्ध दास को ससम्मान विदाई दी गई। यज्ञ पूर्णाहुति में राजा साहब यशपेंद्र शाह एवं रानी महेश्वरी शाह, मुख्य यजमान जोगी राम, देवी ध्रुव समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक ओंकार शाह, वीरेंद्र पांडेय, धनंजय शुक्ला, लखन तिवारी, रुपेश शर्मा, शीतल ध्रुव, ललित मेहताहीरा लाल साहू, मिथलेश सिन्हा, कुमार ध्रुव, हरक, उत्तम साहू, कोमल सोनी, मितेश दीक्षित, सुभाष बैगा, देश बाई उपस्थित थे।

भाजपा ने गरियाबंद में धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

# भाजपा का लक्ष्य सत्ता नहीं, सेवा और समर्पण है : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भाजपा ने रविवार को जिला कार्यालय में 46वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई। विधायक रोहित साहू ने जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा का झंडा फहराया। इसके बाद भाजपा के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के इतिहास, आदर्शों और उपलब्धियों को याद किया। इस अवसर प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, जिला पंचायत उपाधयक्ष लालिमा ठाकुर भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, अपने विचारों और सिद्धांतों के बल पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। भाजपा का लक्ष्य सत्ता नहीं बल्कि सेवा और समर्पण है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा एक सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत का निर्माण का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे है।



### कार्यकर्ता के लिए गर्व का दिन

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने की। उन्होंने स्थापना दिवस की बधाई देते कहा यह दिन हर कार्यकर्ता के लिए गर्व का दिन है। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने कठिन परिस्थितियों में भी पार्टी का झंडा ऊंचा रखा। उनके संघर्ष और परिश्रम से भाजपा आज शिखर पर है। मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है। इसके पहले पूर्व महामंत्री मुरलीधर सिन्हा ने पार्टी के बलिदान, संघर्ष और संकल्प की कहानी सुनाई। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र सोनटेके ने किया। आभार नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने जताया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी बलदेव सिंह हुंदल, घनश्याम सिन्हा, अनूप भोसले, नंदा स्वामी, चंद्रशेखर साहू, फारुख चौधरी, आसिफ मेमन, प्रशान्त मानिकपुरी, नरोत्तम साहू, अजय रोहरा, सागर मयाणी, तनु साहू, बिंदु सिन्हा, पुष्पा साहू, रेणुका साहू, मधु देवांगन, रिजवान मेमन, विष्णु मरकाम, खेम सिंह बघेल, सूरज सिन्हा, प्रकाश यादव, विकास रोहरा, राकेश सोनी, प्रियंका सोनी, सरला कोसरिया, प्रतीक तिवारी, आशीष साहू, वंश सिन्हा, अमित वखारिया, प्रकाश सोनी, प्रतीक सिंह, चंदन निषाद, योगेश निषाद, विनोद नेताम, जमुना गजबिए, नमन सेन, यश मिश्रा, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भक्ति गीतों के साथ निकाली विसर्जन यात्रा



**गरियाबंद।** चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन रविवार को ज्योत जवारा विसर्जन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर शीतला मंदिर से छिंद तालाब तक ढोल-नगाड़ों, मां दुर्गा के जयकारों और भक्ति गीतों के साथ विसर्जन यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। विसर्जन यात्रा में ग्राम देवी देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना की गई और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की गई। चैत्र नवरात्रि के महत्व को बताते हुए कहा गया कि यह शक्ति, साधना और समर्पण का पर्व है, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### भोथा स्कूल की मोक्षिका का नवोदय में चयन

**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला भोथा में अध्ययनरत कक्षा 5वीं की छात्रा मोक्षिका का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद कक्षा 6वीं के लिए हुआ है। मोक्षिका शुरू से मेधावी छात्रा रही है। वह भेंडरी निवासी भुनेश्वर साहू शिक्षक, कामिनी साहू की पुत्री हैं। छात्रा के चयन में उनके गुरु भूपेंद्र साहू व जितेन्द्र पाल करेली बड़ी का विशेष योगदान रहा। शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष हेमलाल निषाद, यशवंत यादव पंच, प्रधानपाठक अमरसिंग मांडे सहित ग्रामीणों ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### खर्रा में हनुमान जन्मोत्सव 10 से

**सिर्री।** ग्राम खर्रा में श्रीराम हिंदू परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन 10 से 12 अप्रैल तक किया गया है। 10 अप्रैल को नारी के पंडित दानेश्वर प्रसाद शर्मा के मंत्रोच्चारण के साथ ही हनुमंत श्रृंगार पश्चात अखंड रामायण पाठ होगा। 11 अप्रैल को गांव में शोभायात्रा निकाली जाएगी। 12 अप्रैल को मुख्य अतिथि के रूप में अजय चंद्राकर कुरूद विधायक उपस्थित होंगे। अध्यक्षता केशरी ओमप्रकाश ध्रुव करेंगे। हवन पूजन के बाद भक्तों को महाप्रसादी वितरण किया जायेगा। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए जय मारादेव मारिया पूरन जस झांकी परिवार, पचपेड़ी धमतरी की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी टेमन साहू ने दी है।

### धीवर समाज ने 185 बच्चों को किया पुरस्कृत

**धमतरी।** धीवर समाज द्वारा चैत्र नवरात्रि पर समाज के बच्चों का मनोबल बढ़ाने, उन्हें धर्म और संस्कार तथा समाज से जोड़ने, उनकी कला को निखारकर प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए तैयार करने के मकसद से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चैत्र नवरात्रि पर आयोजित ड्राइंग पेंटिंग प्रतियोगिता में 47 बच्चे, सामान्य ज्ञान में 30 बच्चे, रंगोली में 38 बच्चे, फैंसी ड्रेस में 15 बच्चे, नृत्य में 17 बच्चे, क्राफ्ट में 03 बच्चे, कलश तथा थाल सजाओ प्रतियोगिता में 10 बच्चे, एकल गायन में 2 बच्चों ने भाग लिया। समाज की राष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी अंजलि फूटान एवं रिया फूटान के मार्गदर्शन में 19 बच्चों ने कराते की विभिन्न श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। 185 बच्चों को समाज द्वारा पुरस्कार देकर प्रोत्साहित और सम्मानित किया गया। धीवर समाज धमतरी परगना के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, सचिव सोहन धीवर, महिला प्रकोष्ठ महासंरक्षक संध्या हिरवानी, अध्यक्ष आशा धीवर ने कहा कि बच्चों को धर्म और आस्था से जोड़ने, उनका मनोबल बढ़ाने यह आयोजन किया गया। मंच संचालन ओमप्रकाश नाग एवं सोहन धीवर ने किया।

**पर्व : पूर्व सांसद चंदूलाल सहित नगर पंचायत अध्यक्ष व पार्षदों का किया गया सम्मान**

# राम राज्य का सपना तभी पूरा होगा जब हम ज्ञान व धर्म के प्रति उत्तरदायी होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर





■ रामनवमी पर्व पर गायत्री मंदिर में पांच कुंडीय यज्ञ का हुआ समापन

रामनवमी के अवसर पर गायत्री मंदिर फिंगेश्वर में पांच कुंडीय यज्ञ संपन्न के साथ पूर्णाहूति दी गई। कार्यकम में नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्शदों सहित मंदिर के पुजारी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे मुख्यअतिथि के रूप मे पूर्व सांसद एवं छत्तीसगढ़ बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने सनातन धर्म एवं रामनवमी पर्व पर प्रकाश डाला।

गायत्री चेतना केन्द्र फिंगेश्वर में चैत्र नवरात्र पर्व को लेकर पांच कुंडीय यज्ञ का आयोजन रखा गया था जिसमे गायत्री परिवार के लोगों ने बड़ी संख्या मे भाग लेते हुए माता के प्रति श्रद्धा अर्पित करते हुए यज्ञ हवन मे भाग लेकर मंत्रोपचार के ध्वनि मे पूर्णाहूति दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंदूलाल ने कहा की राम राज्य का संपना तभी पूरा होगा जब हम सभी अपने व्यवहार, ज्ञान, संस्कार को समझते हुए धर्म के प्रति उत्तरदायी होंगे। रामराज्य का सपना सबसे पहले महात्मागांधी ने देखा था। हम सभी सनातन धर्म को को समाप्त करने का प्रयास इतिहास मे किया गया था और आजादी के बाद भी उसके प्रचार प्रसार मे कमी रही। मोदी जी भारत को 2047 तक पूर्ण विकसीत राष्ट्र बनाने की बात कही है इसका आशय यह कि भौतिक विकास हो बल्कि भारत मे राम राज्य जैस वातावरण निर्मित करना भी है। पहले विदेशी आक्रांताओ के कारण हमारे शास्त्र को जहां नष्ट किया गया वहीं पर संस्कार को भी नष्ट करने का प्रयास किया गया लेकिन पूर्ण रूप से ऐसा नहीं कर पाए।

### सनातन की रक्षा के लिए करना होगा धर्म की स्थापना

सनातन की रक्षा के लिए प्रत्येक गांव के हर घर परिवार को धर्म की स्थापना करना पड़ेगा। कार्यक्रम में संगीतमय एवं भक्तिमय करने वाले परमानंद यादव ने रामजन्म को लेकर प्रकाश डाला। वहीं मंच संचालन नंदकुमार यादव ने किया। इस कार्यक्रम पर भोजन प्रसादी का भंडारा रोशन देवांगन फिंगेशर वाले के तरफ से पिछले 18 वर्षों से करते आ रहें। इस बार अपने के जन्म दिवस पर अपने बिटिया कुमारी गरिमा देवांगन के नाम से भंडारा किया गया। कार्यक्रम का समापन एवं आभार प्रदर्शन एच एल साहू ने किया। कार्यक्रम मे फिंगेश्वर नगर पंचायत के अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, पार्षद गण, डॉ. हरीश हरित, रामनरायन टंडेकर, हैप्पी सोनी, पूर्व पार्षद कमलेश यदु, शांति कोसरे, पदमा यदु एवं सभी पार्षदों सम्मान सद्साहित्य श्री फल एवं साफा प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गायत्री परिजन एच एल साहू, परमानंद यादव, रोशन देवांगन, चिंताराम साहू, गोविंद साहू, देवेंद्र सिन्हा अर्जुन सिन्हा, दीपक पोद्दार, यश कुमार, सिन्हा, घनाराम साहू, शिव सोनी, लालचंद सिन्हा, रामसाय साहू, बलवंत यदु, ओमप्रकाश साहू, कमला दलवानी, कोमिला देवांगन उपस्थित थे।

# मलेवा अंचल भाजपा मंडल की प्रथम बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला में मलेवा अंचल भाजपा मंडल की प्रथम बैठक आहूत की गई। बैठक का शुभारंभ आमंत्रित भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना कर किया गया। मलेवा अंचल के भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल को अपने अपने घर व बुथ पर झंडा फहराकर मनाना है। इसी कड़ी में पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि कार्यकर्ताओं को पार्टी के दायित्व और कर्तव्य की जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं है, बल्कि एक विशाल भारतीय परिवार है। जिसे एकजुट रखना हम सभी का कर्तव्य है। साहू ने आगे कहा कि हम एक ऐसी पार्टी के स्थापना दिवस की ओर बढ़ रहे है, जो राष्ट्रवाद की विचारधारा से जुड़ी है और इसी विचारधारा बल पर भाजपा ने जनमानस में अपनी मजबूती से पहचान बनाई है। उन्होंने पार्टी के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि भाजपा का लक्ष्य भारत को सशक्त समृद्ध और स्वावलंबी राष्ट्र बनाना है। उनका सपना है कि भारत विश्व पटल पर एक विश्वशक्ति और विश्वगुरु के रुप में स्थापित हो। इस बैठक में ईश्वर वर्मा, संतराम नेताम, भीखम मरकाम, परमेश्वर यादव, भुवेन्द्र मरकाम, ललित नेताम, नारायण सिन्हा, देवेश ठाकुर, टीकेश्वरी कोमर्रा, कविता कोमर्रा, सुकारो ठाकुर, रामेश्वर कंवर, मोती कंवर, गैदलाल दीवान, मोहन यादव, मनहरण नेताम, हीरालाल प्रजापति, दीरा सिग, नारद कमार, नंदकिशोर यादव, राजा कोमर्रा, जीवन यादव, बिसाहू सोरी, कुशल ध्रुव, रोहित जगत भागीरथी राजपूत सहित मलेवा अंचल के भाजपा कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

# निमोरा में अतिरुद्र महायज्ञ एवं संत समागम शुरू, होंगे विविध अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

■ प्रवचन के साथ धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम 12 तक होंगे

ग्राम निमोरा मे अभिषेकात्म होमात्मक अतिरूद्र महायज्ञम एवं विराट संत समागम 4 अप्रैल से 12 अप्रैल तक विशाल महायज्ञ का आयोजन संपन्न हो रहा है। यज्ञ मे प्रधानाचार्य एवं कथाव्यास आचार्य पंडित श्री प्रमोद शास्त्री महराज मानव कल्याण आश्रम एवं करपात्री गौशाला,यज्ञाचार्य आचार्य प्रवर श्रीराम प्रताप शास्त्री जी महराज कोविद श्री आदि शंकराचार्य विद्यापीठ सेवा संस्थान के द्वारा हिन्दूनववर्ष मे विश्व शांति एवं जनकल्याणार्थ यज्ञानुष्ठान वर्णन एवं प्रथम दिवस मंडप प्रवेश कलश यात्रा,चतुर्वेद पारायण, मंगलाचारणम, 5 अप्रैल को प्रधान देवपूजन,मंडप पूजन सहशस्त्र धारा, महाअभिषेक, अतिरूद्र होमयज्ञ प्रारंभ, 12 अप्रैल को चतुर्वेद पारायण, आवाहित देव होम, वृषोत्सर्ग, प्रासाद उत्सर्ग, पुर्णाहूति एवं महाभंडारा तथा प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 10 बजे तक पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक,1 से 3 बजे तक सेवा मंडलियो की प्रस्तुति दोपहर 3 से 5 बजे तक यज्ञ आहूति,5 से 7 बजे तक प्रवचन, धार्मिक एवं सांस्कृति कार्यक्रम शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगी।

**वेदों के विद्धान संतों का आगमन**-आयोजनकर्ता मूर्तिकार पीलू राम साहू ने उक्त जानकारी देते बताया कि इस आयोजन मे काशी,बनारस,जबलपुर,राजस्थान एवं दक्षिण भारत से अनेक वेदो के विद्वान संतो का आगमन हो रहा है,धर्मप्रेमी बंधु इस परम दुर्लभ सर्वजन हिताय कल्याणकारी अभिषेकात्म,होमात्मक अतिरूद्र महायज्ञम का दर्शन परिक्रमा,आचार्य विद्वान संतो का अनुपम दर्शन एवं सत्संग का लाभ प्राप्त कर जीवन को सार्थक बनाये तथा उन्होने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के सांसद,मंत्री एवं विशिष्ट बुद्धजीवियो एवं जनप्रतिनिधियो का आगमन एवं प्रतिदिन मूर्तिकार, चित्रकार, कवि, लेखक, संगीतकार, लोककलाकार,समाज सेवक व विशिष्ट व्यक्तियो का प्रतिदिन सम्मान किया जायेगा साथ ही प्रसिद्ध सुप्रसिद्ध पंडवानी, जगराता, रामायण, कवि सम्मेलन, गीत संगीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होगा,मूर्तिकार पीलूराम साहू ने बतया कि इस महायज्ञ के लिए 400 तीर्थो,12 ज्योतिर्लिंगों,चारो धाम की मिट्टी व जल से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर जलाभिषेक किया जायेगा,यज्ञ समिति मे संरक्षक अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू,रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू,राजिम विधायक रोहित साहू,पूर्व विधायक चन्द्रशेखर साहू,पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू आदि प्रमुख व्यक्ति है तथा कार्यक्रम मे समस्त ग्रामवासी सहयोगी है।

# विधायक रोहित ने मां जतमई का किया दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

क्षेत्र के लोग प्रिय विधायक रोहित साहू बुधवार को मां जतमई धाम दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने पूरे क्षेत्र के विकास और समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने ज्योति कक्ष झरना स्थान प्रचार प्रसार कक्ष का दर्शन किए रोहित साहू ने कहा की यह 15 लाख रुपए के लागत से टीना सेड का निर्माण किया जायेगा। जतमई मंदिर समिति के सभी सदस्यों ने विधायक रोहित साहू का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सरपंच संघ अध्यक्ष फिंगेश्वर हरीश साहू, मनोज साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश, समिति के अध्यक्ष करण सिंह ध्रुव, सचिव नारद राम ध्रुव, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार ध्रुव, किशन कंदरा, लोमेश कंवर, युवराज साहू, जनपद सदस्य महेंद्र ध्रुव, जनपद सदस्य बिशु राम साहू, विजेंद्र कुमार साहू, घनश्याम साहू, रवि साहू उपस्थित रहे।

# भाजपा मंडल फिंगेश्वर ने स्थापना दिवस मनाया



**फिंगेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल फिंगेश्वर में 46 वें स्थापना दिवस का कार्यक्रम वार्ड 13 के रंगमंच में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर मनाया गया। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने सभी से आव्हान करते हुए कहा कि 1980 से भारतीय जनता पार्टी के स्थापना से लेकर अब तक भाजपा ने अपने नेताओं के बलिदान और कार्यकर्ताओं के तपस्या से आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में अंकित हुई है। हम सभी को अपनी दायित्व का निर्वहन करते हुए पार्टी को सदैव मजबूती प्रदान करने का कार्य करना है।युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजू साहू ने सभी को बधाई देते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी के आदर्शो का अनुसरण करने को कहा।

इस अवसर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष हरित, युवामोर्चा जिलाउपाध्यक्ष राजू साहू, महिला मोर्चा जिला मंत्री संतोषी श्रीवास्तव, पार्षद पद्मा यदु, शांति कोसरे, लक्ष्मी कोसते, भुनेश्वरी साहू, अनीता शर्मा, मीना यदु, लीला साहू, नीरा निषाद, बीना निषाद, किरण सोनी, डिगेश साहू, नेमीचंद साहू, वैभव सोनी आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस अध्यक्ष ने टीएस सिंहदेव से की मुलाकात



**मैनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने पिछले दिनो बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव के निवास मे पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस टीएस सिंहदेव से मुलाकात किया और उन्हे क्षेत्र मे संगठन की गतिविधियों से अवगत कराते हुए मैनपुर आने का निमंत्रण दिया है।

# अमलीपदर में नवरात्रि पर देवी भागवत कथा



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड के ग्राम अमलीपदर में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस आध्यात्मिक आयोजन के मुख्य जजमान श्रीमती शीतल पांडे और श्रीमान गोपाल पांडे हैं, जिन्होंने श्रद्धा एवं सेवा भावना के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान की व्यवस्था की है। कथा वाचन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है भागवताचार्य श्री विश्वनाथ त्रिपाठी को, जो कि स्व. श्री नीलकंठ प्रसाद त्रिपाठी के प्रपौत्र हैं। अपने सरल, मधुर एवं भावविभोर करने वाले वाणी से वे श्रोताओं को देवी भागवत कथा का महत्व समझा रहे हैं। त्रिपाठी जी की वाणी में ऐसा आध्यात्मिक आकर्षण है कि कथा स्थल भक्ति और आस्था के रंग में रंग चुका है। यह आयोजन अमली पदर के ब्राह्मण पारा में हो रहा है, जहां क्षेत्र के श्रद्धालु प्रतिदिन उपस्थित होकर कथा श्रवण कर रहे हैं। वातावरण में संगीतमयी कथा की गूंज और श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा क्षेत्र भक्ति में सराबोर हो गया है। कथा के पश्चात प्रतिदिन शाम को भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालु प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण कर रहे है।



# चंदूलाल को अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष

**छुईहा बेलर।** पूर्व विधायक और दो कार्यकाल के सांसद चंदूलाल साहू को राज्य भंडार गृह निगम का अध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा सरकार यह नियुक्ति पद घोषित होते ही क्षेत्र के सेंदर, बेलर चैतरा, बिजली, खुटेरी, कूण्डेल, छुईहा, बोडकी फुलझर, बारूला, सिर्रीखुर्द, पतोरी पतोरा परसदाकला, पुरेना, चरौदा, चरभट्ठी देवगांव के भाजपा कार्यकर्ता एवं उनके चाहने वालों में खुशी की लहर है। शुक्रवार को पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू भाजपा नेता के नेतृत्व सह बिजली सरपंच प्रतिनिधि मोती पद्मा निषाद, पूर्व उपसरपंच गजेन्द्र निषाद, पूर्व सरपंच सिर्रीखुर्द टिकेश साहू, उपसरपंच पोड़ रमाकांत साहू, रामजी साहू रोहिना, गोपचंद बनर्जी बासिन ने फुल माला गुलदस्ता भेंट कर चन्दू लाल साहू का सम्मान किया। वहीं काजुकटली से मुह मिठा कराया गया और आशिर्वाद लिया। तथा भाजपा के केन्द्रीय एंव राज्य के शीर्ष नेताओ का अभार व्यक्त किया। पूर्व सरपंच रामाधार साहू ने उम्मीद जताते हुए कहा की चंदूलाल साहू को राज्य वेयरहाउस का अध्यक्ष बनाया जाना, निश्चित तौर पर राज्य वेयरहाउस प्रशासन के लिए सकारात्मक साबित होगा। विजय कंडरा सिर्रीखुर्द, रामू राम साहू, टिकेश्वर साहू, ग्राम समीति बेलर अध्यक्ष खोमन साहू, युवा भाजपा कार्यकर्ता तुलाराम साहू, पूर्व सरपंच बोडकी रामजी साहू, सरपंच खुटेरी बेनी शंकर देने वालों में शामिल हैं।

# धमनी स्कूल में नौ कन्या पूजन एवं न्योता भोज आयोजित

**फिंगेश्वर।** चैत्र नवरात्रि महाअष्टमी के शुभ अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला धमनी संकुल केंद्र किरवई में नौ कन्या पूजन एवं न्योता भोज का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित जनपद सदस्य राधेश्याम साहू एवं अध्यक्षता सरपंच रामकली रामानंद धुरव तथा विशेष अतिथि के रूप में प्रधान पाठक गोप कुमार साहू उपस्थित थे। मुख्य अतिथि राधेश्याम साहू ने कहा कि इस तरह के आयोजन हमारे बच्चों में धार्मिक भावना के साथ ही साथ साथ नैतिक मूल्यों का विकास करता है जिससे बच्चों में आध्यत्मिक विचार के साथ ही संस्कार का विकास होता है। वर्तमान समय में जब हमारे बच्चे अपनी संकृति और परंपराओं से पृथक होते जा रहे तब ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें प्रेरित किया जा सकता है। सरपंच रामकली ध्रुव ने कहा कि बच्चों को बचपन से ही ऐसे वातावरण प्रदान करने से उनके मन में आस्था का भाव विकसित होता है। वहीं पर परस्पर एक दूसरे के प्रति सद्भावना पनपती है। स्व सहायता समुह के द्वारा बच्चों को न्योता भोज के रुप में खीर पूड़ी एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक महेन्द्र पंत ने किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक गोप कुमार साहू, शिक्षक महेन्द्र पंत, सरपंच प्रतिनिधि रामानंद ध्रुव, प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रीति नायक, संतोषी सेन, वंदना साहू, गीता साहू, प्रेमीन साहू, तोषण साहू तथा स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# नगर के राजा तालाब में चला स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर पंचायत के अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद के निर्देशन पर स्वच्छता अभियान शुरू हुआ। लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने कहा कि नगर को हमेशा स्वच्छ सुंदर रखेंगे तभी मच्छर आदि से होने वाली बीमारियां दूर रहेंगी। इस के लिए स्वच्छता के लिए कार्य किया जाएगा। शनिवार को नगर के प्राचीन राजा तालाब को अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद के साथ समस्त पार्षद जनप्रतिनिधि, नागरिक एवं नगर पंचायत की टीम ने में स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें सभी पचरियों की पूरी सफाई किया गया। नगरवासियों को स्वच्छता और पर्यावरण को साफ स्वच्छ बनाए रखने के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान में उपाध्यक्ष समीम खान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लालसिंह मरकाम, सभापति चित्रेखा ध्रुव, भोलेशंकर जायसवाल, रजनी लहरे, बलराज पटेल, पार्षद देवसिंह नेताम, पंचराम टंडन, दीप्ति यादव, शांतनु देवांगन, विधायक प्रतिनिधि मानसिंह निषाद, पूर्व सभापति थानसिंह निषाद, नारायण पटेल, निखिल साहू, गिरवर लहरे, सरवर खान, भवानीशंकर सेन, रमेश शर्मा, संतोष ध्रुव, लीना दुबे, संगीता चंद्राकर, मीना चंद्राकर, विजयलक्ष्मी जैन, तुलसीराम साहू, विष्णु सिन्हा, राजा चंद्राकर एवं नगर पंचायत के समस्त अधिकारी कर्मचारी, स्वच्छता दीदियां एवं नगरवासी मौजूद थे।

## पेज 11 के शेष...

### जनलेवा खाई, गड्ढों ...

सुविधाओं को तरस रहे हैं। कंवरआमा व नारीपानी गांव तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। पहाड़ी के ऊपर बसे कंवरआमा नारीपानी में पहुचंने के लिए ग्राम भालुकोना से सीधे खड़ी पहाड़ी रास्ते को पार करना पड़ता है लगभग दो किलो मीटर पहाड़ी पगडण्डी रास्ते के दोनों ओर बड़े- बड़े खाई और गड्ढे है मुश्किल से मोटर सायकल के सहारे 2 किलो मीटर के रास्ते को आधे घंटे में पार कर पहुंचा जाता है। ग्रामीणों के द्वारा इस सड़क को स्वयं मेहनत कर बनाया गया है ताकि राशन सामाग्री गांव तक पगडण्डी रास्ते के सहारे पहुंचा सके। इस गांव की प्रमुख मांग पक्की सड़क निर्माण की है और यहां पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं है जिसके कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को प्रसव पीड़ा के समय होती है उन्हे उल्टे खाट व कांवर में बिठाकर अस्पताल तक पहुंचाया जाता है। बजारू राम, घासीराम, मंगल सिंह कमार, फगनुराम कमार, मगन कमार, देवी सिंह फरसूराम, राधाबाई, सुखबती ने बताया की आज तक कंवरआमा और नारीपानी में कोई भी विधायक सांसद नहीं आए है और तो और जिले के बड़े अफसरों की बात तो छोड़ दीजिए। मैनपुर के अधिकारी भी अब तक नहीं पहुंच पाए हैं आखिर हम लोग अपनी समस्या किसको बताए। ग्रामीणों ने बताया की गांव के लोग मतदान करने कि लिए तुहामेटा जाते हैं और तो राशन लेने के लिए भी पैदाल या सायकल के माध्यम से तुहामेटा जाते है।

**बांस बर्तन अजीविका का साधन** - पहाड़ी के ऊपर बसे होने के कारण इन दोनों ग्रामों में धान व अन्य फसल नहीं हो पाता। कुछ किसान थोड़ा खेती किसानी करते है बाकि सभी ग्रामीण यहां के अपने पारम्पारिक व्यवसाय बांस बर्तन का निर्माण कर उसे सप्ताहिक बाजार मैनपुर में बेचते है और उससे अपना जीविका यापन करते हैं। यहां के ग्रामीणों को सबसे ज्यादा दुख इस बात की है कि उन्हे कमार जनजाति होने के बावजूद कमार विकास अभिकरण द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### भक्ति गीतों के...

और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देता है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा विसर्जन मार्ग पर ग्रीन मेट बिछाई गई थी और महिलाओं को गर्मी से राहत दिलाने के लिए लगातार पानी का छिड़काव किया जा रहा था। वातावरण मां दुर्गा के भक्ति गीतों से भक्तिमय बना रहा। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सहित जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, और अन्य गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** परकोल चौक से बरोली जाने के मार्ग में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। बसना थाने में इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रार्थी बिशीकेशन यादव निवासी ग्राम पोटापारा ने बताया कि उसका बड़ा भाई वीरेंद्र यादव अपनी मोटर सायकल एचएफ डीलक्स से 4 अप्रैल की शाम को ग्राम दुधीपाली काम से आया गया था, जब वह घर वापस ग्राम पोटापारा जा रहा था, इसी दौरान करीबन रात्रि 8 बजे परसकोल चौक से बरोली जाने का मार्ग संस्कार स्कूल के पास पहुंचने पर किसी अज्ञात वाहन के चालक द्वारा तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से बाइक को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे वीरेंद्र यादव गिर गया और मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### नारी में मानसगान 8 से

**सिर्री।** ग्राम नारी के बजरंग चौक में जय मरेवापाट मानस परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 8 से 10 अप्रैल तक मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कलश स्थापना एवं दीप प्रज्ज्वलन 7 अप्रैल को होगा। 8 से 10 अप्रैल तकमानसगान कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी लोचन सोनकर ने दी।

### करेली बड़ी में आज सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मगरलोड।** नवरात्रि एवं होली मिलन पर्व पर नवयुवक मित्र मंडल करेली बड़ी द्वारा 7 अप्रैल सोमवार को लकी कूपन ड्रा एवं रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम सोनहाबादर गुरुर जिला बालोद का रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में खुमेंद्र साहू, मानसिंग समेत अन्य जुटे हैं।

### सोनेवारा में जातरा 10 को

**मगरलोड।** ग्राम सोनेवारा में कुंवरदाई का जातरा मेला 10 अप्रैल गुरूवार को रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम साराबोंग का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष महेश ध्रुव, उपाध्यक्ष बनऊ निषाद ने दी है।

### गोजी में पशु मेला, प्रदर्शनी 11 को

**सिर्री।** ग्राम पंचायत गोजी में जिलास्तरीय पशु मेला एवं उत्सव प्रदर्शनी का आयोजन 11 अप्रैल शुक्रवार को रखा गया है।









# भगवान श्रीराम की निकली भव्य शोभायात्रा डीजे व धुमाल की धुन में जमकर थिरके युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भगवान श्री राम जन्मोत्सव राम नवमी का पर्व रविवार को मैनपुर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रथ में सवार भगवान श्री रामलला की मूर्ति की शोभायात्रा निकाली गई। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम की एक झलक पाने लोग उमड़ पड़े जिस जिस मार्ग से शोभायात्रा गुजरी महिलाएं आरती सजाये भगवान की पूजा अर्चना करने घंटो इंतजार करते दिखे तो पूरा नगर व क्षेत्र भगवान श्री राम की जय जयकारो से गुंज उठा। श्री रामसेना हिन्दु संगठन द्वारा पिछले एक पखवाड़े से मैनपुर में रामनवमी का पर्व मनाने जोरशोर से तैयारी की जा रही थी पूरे नगर व आसपास के ग्राम को भगवा ध्वज तोरण पताको से सजाया गया। रविवार सुबह 9 बजे से श्री रामजानकी मंदिर हरदीभाठा, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर में श्रीरामसेना हिन्दु संगठन के युवाओं द्वारा विशेष पूजा अर्चना किया गया और भगवान श्री राम के विशेष पूजा अर्चना के बाद महाभंडारा का भी आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के हजारो लोग शामिल हूए।

### चारों तरफ भगवा रंग से रंगा



भगवान श्रीराम की शोभायात्र धूमधाम के साथ निकाली गई। रथ के सामने डीजे और धुमाल के भक्तिमय धुन में युवा भगवा ध्वज लिए जमकर थिरकते रहे और जय जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारे लगाते रहे। जगह -जगह आतिशबाजी कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। युवा हाथों में बड़े -बड़े भगवा ध्वज लहरा रहे थे पूरा नगर चारों तरफ भगवा रंग से रंगा नजर आ रहा था, इस पूरे कार्यक्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विकास पाटले एवं थाना प्रभारी मैनपुर शिव शंकर हुर्रा पुलिस बल के साथ शोभायात्रा के साथ -साथ चल रहे। इस मौके पर प्रमुख रूप से मोहित द्विवेदी, पारस सिन्हा, रूपेश साहू, योगेश शर्मा, धनसाय सोनवानी, केशव बंछोर, मुकेश सिन्हा, दिनेश सचदेव, नरेश सिन्हा, सालिक राम पटेल, रामसाय निर्मलकर, हर्ष दास, जागेश्वर ध्रुव, चुम्मन प्रसाद पाण्डेय, आशिष गुप्ता, सवितानंद साहू, टिकेन्द्र निर्मलकर, मनोज निर्मलकर, दिग्विजय कुमार, ऋषिकेश दास, शेखर पटेल, नंद किशोर पटेल,लिबास पटेल,रोशन पटेल, खन्ना रामटेके, पुलस्त शर्मा, उपेन्द्र साहू, हरिश यादव, कोमल पटेल, महेश साहू शामिल हुए।

### भण्डारा में हजारो लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण

युवा मंच मैनपुर द्वारा महाभण्डारा का आयोजन रामनवमी के अवसर पर दुर्गामंच में किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में क्षेत्र भर के लोग शामिल हुए। वहीं रात 8.30 बजे के आसपास शोभा यात्रा दुर्गामंच पहुंचेगी। इस दौरान फूलों की बारिश किया जायेगा और जमकर आतिशबाजी किया जायेगा। इस मौके पर युवा मंच के चिरंजीवी साहू, आशिश गुप्ता, हिमांशु रामटेके, हरिश्वर पटेल, गुमान पटेल, राहूल राज यादव, निखिल जगत, प्रतिक वान्दले, प्रदीप पटेल, विक्की गुप्ता, मनीश श्रीवास्तव, शुभंम सेन एवं युवामंच के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित है।

### विधायक ने की क्षेत्र में खुशहाली की कामना

बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव भगवान श्रीराम के शोभायात्रा में शामिल होकर पूजा अर्चना किए और क्षेत्र में सुख -शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। विधायक महा भण्डारा में भी शामिल होकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया।

## मैनपुर में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा भाजपा मंडल मैनपुर में कार्यक्रम जिला प्रभारी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा , भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव एवं कार्यक्रम के मंडल प्रभारी दुलार सिन्हा एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर पार्टी ध्वज फहराकर स्थापना दिवस का उत्सव मनाया। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर भाजपा की विचारधारा, संगठन और राष्ट्रसेवा के संकल्प को दोहराया। तथा सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी और संगठन की मजबूती के लिए सामूहिक संकल्प लिया। यह कार्यक्रम पार्टी के गौरवशाली इतिहास, समर्पित कार्यकर्ताओं और देश के प्रति निष्ठा को समर्पित रहा। भाजपा कार्यकर्ता सदैव राष्ट्रहित में कार्यरत रहेंगे, यही संकल्प दोहराया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, दुलार सिन्हा, रामस्वरूप साहू, नंदनी नेताम, कुमारी बाई पटेल, युवामोर्चा अध्यक्ष महेश कश्यप, मनोज निर्मलकर, बाबूलाल साहू, मोहित द्विवेदी, महेन्द्र सोनी, रामदास वैष्णव, लखनगिरी गोस्वामी, राकेश दुबे एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधायक ध्रुव ने किया जनसंपर्क गांव-गांव में हुआ जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



बिन्द्रनवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव रविवार को मैनपुर क्षेत्र के जिड़ार, कुकरीमाल, मोंहदा, भण्डाबाहरा, धवलपुर, पनेम, कोड़ामाल, सेमरा व अनेक ग्रामों में पहुंचकर जनसम्पर्क किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। विधायक जनक ध्रुव कई धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में शामिल हुए साथ ही देवजातरा कार्यक्रम में शामिल होकर पुजा अर्चना कर क्षेत्र मे सुख शांति समृद्धि और खुशहाली की कामना की तथा धार्मिक कार्यक्रमों शामिल होकर क्षेत्र के लोगो से मुलाकात किया। इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा कई मांगपत्र और आवेदन दिया गया। सभी आवेदनों को संबंधित विभागों में भेज कर समस्या समाधान करने की बात कही है। इस दौरान जनक ध्रुव ने अपने संबोधन में कहा की इस तरह के धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों से गांव व क्षेत्र में एकता और भाईचारा बना रहता है साथ ही क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि और खुशिया आती है जब गांव और समाज के लोग एक जगह बैठकर किसी भी समस्याओं के समाधान के लिए चर्चा करते है तो आसानी से समस्याओं का समाधान हो जाता है। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मैनपुर रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गैंदुयादव, घासी राम मरकाम, टीकम कपिल, गुजरात कमलेश, कन्हैया ठाकुर, यशवंत मरकाम, अमृत नागेश, राजकुमार ध्रुवा, नारायण नेताम, चेतन नागेश, खोला कोमर्रा, मंगलु जगत, पिलेश्वर फरस व बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

## राम जानकी मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रामनवमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



नगर के हृदय स्थल श्री राम जानकी मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री रामनवमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों को झालर लाइट एवं पुष्प माला से सजाया गया था। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम को पुष्प माला से सजाया गया था। सुबह से ही भक्तगण दर्शन करने मंदिर पहुंचे। शिक्षक मानस परिवार द्वारा भजन संकीर्तन तत्पश्चात 12:00 बजे श्री रामलला जन्मोत्सव रामनवमी का प्रकट उत्सव हुआ श्री राम जी की स्तुति, मंगल महाआरती हुई। साथ ही सुंदर झांकी भी बनाया गया था हलवा महाप्रसादी बांटा गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख से समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक ओंकार शाह, पुजारी पंडित यज्ञेश प्रसाद पांडेय, विशेश्वर दीवान, लखनतिवारी, कामता प्रसाद तिवारी, सफर सचदेव, शीतल ध्रुव, गोपाल सोनी, मिथिलेश सिंहा, आखिल चौबे, नीरज नायक, गणेशू साहू, ईश्वर सिंहा, विक्कू चंद्राकर, हीरालाल साहू, विनोद देवांगन, ललित वर्मा, पोषण वर्मा, घनश्याम सिंहा, रोहित जगत, रुपेश शर्मा, देवनारायण यादव, यश सिंहा, कैलाश पटेल, पुखराज ठाकुर, कृष लाल सिंहा, विमल पुरोहित, कृष्ण कुमार साहू, एकलव्य शर्मा, आदर्श महिला मंडल, शिव शक्ति महिला मंडल, मानस समिति के समस्त पदाधिकारीगण, धर्म प्रेमी श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

### गायत्री शक्ति पीठ में दी गई पूर्ण आहुति



**छुरा।** गायत्री शक्ति पीठ में चैत्र नवरात्रि पर्व की पूर्ण आहुति की गई। साथ ही रामनवमी का पर्व भी मनाया गया। नौ कन्याओं का पूजन कर आशीवार्द लिया गया। इस अवसर पर 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में महेश सचदेव, कृष्ण कुमार साहू, नरसिंह सोम, मेश्राम, पुखराज ठाकुर एवं तिजाऊ साहू सपत्नीक शामिल हुए। कार्यक्रम में चतुर सिंह दीवान, हेमंत साहू, पूर्णिमा साहू, रामेश्वरी साहू, खिलेश्वरी सोम, सरस्वती सिन्हा, प्रभु सिन्हा, वसुंधरा साहू, रोहित जगत, भुनेश्वर पटेल, सहित अनेकों नगरवासी माताएं, बहनें सम्मिलित हुए।

## धरना स्थल पर पीएम मोदी को गारंटी पूरा करने पंचायत सचिवों ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



जनपद पंचायत प्रांगण में पंचायत सचिवों धरना प्रदर्शन का 21वे दिन भी जारी रहा। जिसमें भारतीय जनता पार्टी द्वारा घोषणा पत्र में पंचायत सचिवों का शासकीयकरण करने का स्पष्ट उल्लेख किया गया है, इसको लेकर मुख्यमंत्री बिष्णु देव साय ने 7 जुलाई 2024 को इंडोर स्टेडियम रायपुर मे अपने उद्बोधन मे स्पष्ट कहा है की पंचायत सचिवो का शासकीयकरण मोदी जी के गारंटी में है जिसे घोषणा करने की आवश्यकता नहीं जिसे तत्काल पूरा किया जायेगा। किन्तु 1 साल से अधिक हो गया अभी तक शासकीयकरण का सौगात नहीं मिला है। इसी कारण पंचायत सचिव धरना स्थल में ही मोदी जी को पत्र लिखकर मोदी की गारंटी में सम्मिलित पंचायत सचिवों का शासकीयकरण पर अमल किये जाने हेतु पत्र लिखा गया। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष गोविन्द साहू, जिला सचिव हेमकुमार पटेल, उपाध्यक्ष रेवा राम ढीढी, सचिव झम्मन पटेल, कोषाध्यक्ष कोमल साहू, सहसचिव चंद्रकांत साहू, मिडिया प्रभारी ओमप्रकाश सिन्हा,सोना राम वर्मा,चंद्रकांत तिवारी, तुलस साहू, संतोष साहू, हुकूमत साहू, यशवंत साहू, भैया राम साहू, चेमन साहू, चेतन साहू, भैया राम साहू, बुदेश्वर चिंता राम सिन्हा, साहू, कन्हैया सिन्हा, गोपेश सेन, अजय ध्रुव, दिनु यदु, यशवंत निषाद उपस्थित थे।

## नगर पंचायत में सुशासन तिहार का आगाज 8 से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक स्तर पर शासकीय काम-काज में पारदर्शिता लाने एवं योजनाओं तथा कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सुशासन तिहार–2025 का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित हो एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गो को तत्परता से मिले। इस के लिए पहले चरण में दिनांक 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक समय सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत फिंगेश्वर में आम जनता से आवेदन प्राप्त सह उचित निराकरण किया जावेगा। उक्त स्थल पर समाधान पेटी रखी जायेगी ताकि लोग अपनी समस्याएं निःसंकोच लिख कर उसमें डाल सके। इस शिविर मे नगर के नागरिको को अपनी समस्याओं को लेकर आमंत्रित किया गया है।

## कार्यकर्ताओं ने घर-घर फहराया भाजपा झंडा



**छुईहा बेलर।** भारतीय जन संघ से भारतीय जनता पार्टी के रूप में 6 अप्रैल सन 1980 को स्थापना हुआ। भाजपा की स्थापना दिवस के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व सेंदर रामाधार साहू ने भाजपा के पित्र पुरुषों को याद करते हुए नमन किया। विशेष रूप से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जो भारतीय जनता पार्टी के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। उनके देश के प्रति समर्पण एवं योगदान को याद किया। भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर अपने-निवास छत में भाजपा का झंडा फहराया गया। रामाधार साहू ने कहा कि भारत माता की अखंडता तथा वैभव के लिए काम करने वाले तथा देश के गरीबों का उत्थान करने वाले विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी है जिनके पूरे देश में कई करोड़ सदस्य हैं। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के रीति निति को आगे बढाये है। और देश 2047 शक्तिशाली भारत की सपना को सकार में बढ़ रहा है।

## शीतला माता का इंद्रजीत ने दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की



**छुईहा बेलर।** ग्राम बोड़की शीतला मंदिर में ग्रामवासियों द्वारा सार्वजनिक जोत जंवारा स्थापित किया गया था। चैत नवरात्र के अष्टमी को जिला पंचायत सदस्य इंन्द्रजीत महाडिक ग्राम बोडकी पहुंचे। उन्होंने शीतला मंदिर में नरियल पान सुपारी भेंट कर बैडकी सहित क्षेत्र वासियों की खुशहाली की कामना की। ग्रामवासियों की मांग पर शीतला मंदिर परिसर में फेवर ब्लाक लगाने का आश्वासन दिया है। इससे पहले बोडकी में इन्द्रजीत महाडिक का फटाका फोड़कर गुलाल टीका लगाकर स्वागत किया गया। परिषर में फेवर ब्लाक लगाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सरपंच ग्राम पंचायत बोडकी नेतराम सिन्हा, उपसरपंच लेखराम साहू, ग्राम अध्यक्ष बरसन पटेल, ग्राम पटेल होरी लाल साहू, सरक्षंक वेदराम साहू, भोजराम साहू, बैगा जोहत ध्रुव, डोमन, गुलाप, राजकुमार यादव, माधव यादव, खेमचंद साहू, तीजराम साहू, योगेश साहू, संजू निर्मलकर, विष्णु ध्रव, गोपी, ओमप्रकाश माझी स्वागत में उपस्थित थे।

## जनपद अध्यक्ष ने किया ट्राईसिकल वितरीत



**राजिम।** जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू ने राजिम क्षेत्र के जरूरतमंद दिव्यांगजनों को ट्राईसिकल वितरण किया। ट्राईसिकल पाकर ऐसे दिव्यांगजन खुश हुए। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष सतीष यदु सहित अन्य लोग मौजूद थे।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## आस्था : जंवारा विसर्जन शीतला तालाब में हुआ, देखने पूरा शहर उमड़ा

# नवरात्रि के आखिरी दिन देवी मंदिरों में ज्योत जंवारा का हुआ विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

रविवार को जंवारा विसर्जन के लिए माता के भक्त ढोल-मंजिरा के साथ निकले। एक-एक कर समिति के लोग शीतला तालाब पहुंचते रहे। सुबह से लेकर भरी दोपहरी और शाम तक खुले पैर चलते हुए इनकी त्याग, तपस्या देखने लायक थी। सुबह 10 बजे से लेकर यह सिलसिला सांझ ढलने के पूर्व तक चलता रहा।

इस दौरान शहर के विभिन्न मुहल्लों से जंवारा लेकर समिति वाले लगातार निकलते रहे। शीतला तालाब जाने वाला मार्ग इस वजह से खचाखच भरा रहा। माता के सेवा एवं जसगीत गाते, ढोल-मंजीरों के साथ एक तरफ जहां सेऊक झूप रहे थे, तो दूसरी ओर सिर पर जंवारा लिए युवतियों-महिलाओं की टोली कतारबद्ध होकर चल रही थी। पूरा दृश्य भक्तिमय नजर आ रहा था। जंवारा विसर्जन में पूरा शहर उमड़ पड़ा था। महिलाएं ज्योति कलश और जंवारा लिये चल रही थी। रास्ते में कई महिलाओं को माता की शक्ति आ गई थी, वे झूपने लगी थी। कई युवतियां शोभायात्रा के सामने लेटकर आशीर्वाद ले रही थी। कई युवा बाणा लिए हुए थे। गर्मी और तेज धूप भी देवी मां के भक्तों को डिगा नहीं पाए। शीतला तालाब में भरी दुपहरी भारी भीड़ बनी रही।



## नगर के गादीकोट में बाजे गाजे के साथ जंवारा विसर्जन

**छुरा।** नगर के गादीकोट सहित आसपास के गांव में जंवारा विसर्जन उत्साह के साथ किया गया। इसके पूर्व सभी स्थलों पर अष्टमी हवन एवं नौ कन्या भोज कराया गया एवं रविवार सुबह से विसर्जन प्रक्रिया चली और 10:00 बजे से दोपहर तक बाजे गाजे के साथ विसर्जन किया गया। ग्रामीण एवं माता के जस गीत में सेवा करने वाले लोग उपस्थित थे, गांव- गांव में 9 दिन तक शीतल में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई एवं कई घरों पर जावरा बोया गया, ग्रामीण परिवेश में जंवारा का काफी महत्व है और उनकी विसर्जन में गांव भर से लोग भाग लेते हैं और अखंड ज्योत पूरे गांव भर पूजा करते हैं साथ ही साथ जंवारा की दो पद्धति है जिसमें श्वेत पूजा और बलि प्रथा है, जिसमें लोग अपने देवी देवताओं के अनुसार से पूजा और बली पध्दति का पालन करते हैं, विसर्जन के पश्चात सभी रिश्तेदारों द्वारा उन्हें घरों में भेंट किया जाता है एवं सभी रिश्तेदार सहित के लिए सामूहिक भोज की भी व्यवस्था की जाती है यह एक बड़ा पर्व होता है इसमें परिवार के लोग भाग लेते हैं।



## महामाया मंदिर से जंवारा कलश विसर्जन



**राजिम।** रविवार को नगर के मां महामाया मंदिर से सुबह जंवारा विसर्जन की शोभायात्रा निकली। जिसे मौराहा तालाब में विसर्जित किया गया। जंवारा विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

## बेलर में भोग प्रसादी वितरीत

**छुईहा बेलर।** रविवार को रामनवमी पर्व बेलर में धूमधाम से मनाया गया। यहां युवाओं के संयोजन में भोग प्रसादी का वितरण किया गया। स्थानीय लोगों ने पुण्य प्राप्ति के लिए भंडारें का आयोजन किया। सरपंच ग्राम पंचायत बेलर सुमन लेखराम रात्रे, पूजा साहू, मनीष साहू बेलर, गिरवर साहू, सरस्वती, होमेश, यशवंत महेश्वरी, गोपी चमेश्वरी, तुलाराम साहू समाजिक कार्यकर्ता, खेदुराम, प्रीतम, रवि, दीपक, शुभम, वेदप्रकाश, रोशन, तुषार, इन्द्रेश, यशवंत का विशेष सहयोग रहा।





## अंचल में ज्योत जंवारा का किया गया विसर्जन

**मुड़ागांव(कोरासी)।** अंचल के ग्राम मुड़ागांव, सोरिद, खुर्द, भैरा, खड़मा, मड़ेली, कुरेकेरा, बम्हनी, कनेसर, कोरासी सहित क्षेत्र के सभी देवी मंदिरों एवं शीतला माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि में ज्योत जंवारा बोया गया था और नौ दिनों तक माता के जस सेवा गीतों से श्रद्धा भक्ति से मनोकामना ज्योति जलाया गया था जिसका आज राम नवमी पर परंपरागत विसर्जन किया गया। ग्राम कोरासी में गौंटिया परिवार द्वार पीढ़ी जंवारा बोया गया था। जहां गांव में नौ दिनों तक पूरा गांव जस सेवा गीतों से गुंज रहा था ग्रामीण सेउक



प्रतिदिन देर रात्रि तक सेवा करते थे और आज राम नवमी को जंवारा विसर्जन तेज धूप में जस सेवा गीतों एवं मादर की थाप में देवी-देवताओं नाचते गाते बाना ले कर घर से मौली माता और मौली माता से सीधे शीतला तालाब पहुंचे जहां जंवारा विसर्जन किया गया। जंवारा विसर्जन करने ग्रामीण एवं आसपास के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ घर से लेकर शीतला तालाब तक गया जहां सभी श्रद्धालु भक्तजनों को जवारा और प्रसाद वितरण किया गया एवं सभी श्रद्धालु भक्तजन को भोजन प्रसाद कराया गया।

## सभी जगह बिजली अपूर्ति सुचारु रूप से हो : विधायक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

विधायक रोहित साहू ने बिजली विभाग के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में एक बैठक के दौरान कहा कि क्षेत्र का कोई भी गांव विद्युत कटौती से प्रभावित न हो। सभी जगह बिजली की पूर्ति सही रूप से हो। जहां ट्रांसफार्मर और नए पोल, तार लगाने की जरूरत पड़े वहां ये काम तुरंत करे। कृषि पम्पों को रेगुलर विद्युत प्रदाय सुनिश्चित करें तथा कहीं भी लो वोल्टेज की समस्या न हों। यदि ऐसी समस्याएं कही हैं तो इसका त्वरित निराकरण करें।

कहा कि सभी काम समय-सीमा में पूरी करें। घरेलू, कृषि तथा व्यवसायिक, सभी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बिना लो वोल्टेज और बिना कटौती के साथ निर्बाध विद्युत प्रदाय सुनिश्चित करने कहा। इसके अलावा अंधड़ तूफान से ट्रांसफार्मर, पोल, तार के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में बिजली के पोल, खंभे, तार और ट्रांसफार्मर पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था करके रखने की बात कही ताकि कहीं पर समस्या हो तो तुरंत इसका समाधान हो सके। नए ट्रांसफार्मर की आवश्यकता जहां पड़ रही है वहां तत्काल नए ट्रांसफार्मर लगाएं।

## जिपं सदस्य नंदनी-ओंकार का स्वागत



**राजिम।** नवरात्रि पर्व में देवी माता का आशीर्वाद लेने और क्षेत्र के सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना करने जिला पंचायत सदस्य नंदनी-ओंकार साहू सुप्रसिद्ध मंदिरों में पहुंचे। यहां झरझरा विकास समिति एवं मां घटारानी समिति द्वारा उनका स्वागत अभिनंदन किया गया।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ समापन

# चुनौतियों से निपटने ग्रीन टेक्नोलॉजी को अपनाना जरूरी : प्रो. अवधिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय और IQAC सेल के संयुक्त तत्वावधान में "जैव विविधता, ग्रीन टेक्नोलॉजी और सतत विकास के लिए संगणकीय नवाचार' (ABGT 2025) विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी विश्वविद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। इस संगोष्ठी के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव प्रोफेसर अंजली अवधिया तथा मुख्य वक्ता के रूप में श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आरपी राजवाड़े उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आनंद महलवार ने की। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीपी भोल एवं शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. एन कुमार स्वामी तथा छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ सुभाशीष बिस्वास ने भी संबोधित किया। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव प्रोफेसर अंजली अवधिया ने कहा कि चाहे बात जलवायु परिवर्तन की हो, किसी दवा के शरीर में असर की, या फिर किसी इंजीनियरिंग सिस्टम की मजबूती की। इन सब को पूरी तरह समझना, विश्लेषण करना और भविष्यवाणी करना आसान नहीं होता। ऐसे में संगणकीय मॉडलिंग एक बहुत उपयोगी उपकरण के रूप में सामने आती है। हरित तकनीक वर्तमान की मुख्य जरूरतों में से एक है जिसे अपनाकर प्रदूषणमुक्त समाज निर्मित किया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने भौतिकी को एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत



करने पर ज़ोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने आदिवासी कला वीथिका की सराहना की। मालूम हो कि कार्यक्रम के पहले दिन इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन हुआ जिसके मुख्य अतिथि अमिटी विश्वविद्यालय रायपुर के पूर्व कुलपति प्रोफेसर आरके पांडे तथा मुख्य वक्ता प्रसिद्ध बोनसाई विशेषज्ञ डॉ. चंद्रलेखा पांडे उपस्थित थी। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों के वैज्ञानिकों, शोधार्थियों और छात्रों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का संयोजन डॉ एन कुमार स्वामी तथा डॉ पूनम वर्मा ने किया तथा आयोजन सचिव के रूप में सुनील कुमार साहू थे। इस कार्यक्रम का संचालन बीसीए के छात्र दिशांत साहू और कामिनी साहू ने किया।

### गणितीय मॉडल से हरित तकनीक को बना सकते हैं मजबूत

मुख्य वक्ता के रूप में श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आरपी राजवाड़े ने कहा कि जल संसाधन में हानिकारक तत्वों को कम करने तथा फास्फोरस की मात्रा को नियंत्रित करने के लिए हरित टेक्नोलॉजी को अपनाना आवश्यक है। विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. शुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि गणितीय मॉडल के माध्यम से हरित तकनीक को मजबूत बनाया जा सकता है। प्रतिभागियों में सश्मिता, टोकेश्वरी, तेमेश पार्कर को उत्कृष्ट पोस्टर प्रेजेंटेशन का पुरस्कार दिया गया, साथ ही हेमन्त पांडेय, पुषापति नवीन और सुनील कुमार साहू को उत्कृष्ट ओरल प्रजेंटेशन का पुरस्कार दिया गया। डॉ. माधवी तिवारी उत्कृष्ट शोध पुरस्कार, डॉ. अंकुर दहायत युवा शोधकर्ता पुरस्कार, डॉ. ज्योत्सना युवा वैज्ञानिक पुरस्कार, डॉ. नंदकिशोर यादव युवा वैज्ञानिक पुरस्कार दिया गया।

## दुर्गा अष्टमी पर हवन-पूजन



**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी के मां शीतला मंदिर में दुर्गा अष्टमी के अवसर पर हवन-पूजन में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नीलकंठ सिन्हा, सरपंच राजेश्वरी, जनपद सदस्य विनीता-संतशरण साहू, पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन, पूर्व ग्राम अध्यक्ष कोमल सिन्हा, चुनू साहू, कामता साहू, रोहित पटेल, दिलीप साहू, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

## मां ब्रम्हचारिणी दरबार में हुआ हवन



**राजिम।** मां ब्रम्हचारिणी दरबार में अष्टमी हवन पूजन में भरत लाल साहू, तीजराम साहू, फगेंद्र यदु ,मेहतरु साहू, भागीराम साहू, तेजेश साहू, यशवंत साहू, ईश्वर सिन्हा, दिनेश्वर साहू, विजेंन्द्र वर्मा, तुलसी साहू, जनक साहू, गणेश पटेल, शिवराज साहू, सुरेश यादव आदि शामिल हुए।

## परसदा के शीतला मंदिर में हवन पूजन व नवकन्या भोज



**नवापारा-राजिम।** ग्राम परसदा में अष्टमी के हवन में रमेश वर्मा, टीकू यादव, पंडा अश्वनी तारक, रूपेंद्र शर्मा, भूषण वर्मा, रामजी खिलवारे, विनोद सेन, पूरन साहू, खूबी तारक, शत्रुहन साहू, मणी लाल ध्रुव, आशा राम साहू, जगदीश साहू, बेनीराम निर्मलकर, जगदीश साहू, मोहन साहू, केशव तारक, राजेश साहू, मन्नू लाल साहू, हरिश्चन्द्र साहू, कमलेश तारक, मोहन तारक, सहित ग्राम के लोग शामिल थे।

## टेका में श्रीराम जन्मोत्सव



**राजिम।** टेका में भगवान श्रीराम लला का जन्मोत्सव साई पीकरी धाम के प्रमुख हनुमत ठाकुर परिवार द्वारा गांव के शीतला माता मंदिर में मनाया गया। इस अवसर पर फल और मिठाई प्रसाद वितरण किया गया। पूजा कार्यक्रम में रेमण सिंह, दुर्गा ठाकुर, तुला विश्वकर्मा, सुरेश सिंह, तोरण सिंह, दानेश्वर सिंह, पवन साहू, विश्वजीत सिंह मौजूद थे।

## नदी किनारे मां भक्तिन माता की कांस्य प्रतिमा होगी स्थापित



**राजिम।** राजिम में महानदी किनारे श्री राजीव लोचन मंदिर के पास राजिम भक्तिन माता की भव्य कांस्य प्रतिमा स्थापित होगी। इसके लिए जगह का निरीक्षण करने विधायक रोहित साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, राजिम तहसीलदार अजय चंद्रवंशी, सीएमओ मनीष गायकवाड़, पीडब्ल्यूडी एसडीओ प्रकाश शर्मा, पटवारी श्री भोई, सभापति भारत यादव, पार्षद नरोत्तम सिंह, तुषार कदम, सुरेश पटेल, लोकनाथ साहू, राजेश ठाकुर ने स्थल निरीक्षण किया। विधायक रोहित साहू ने स्थल आरक्षित करने के साथ ही पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने की बात कही। मालूम हो कि 7 जनवरी के कार्यक्रम में पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय ने 5 करोड़ रूपए की लागत से भक्तिन माता की प्रतिमा स्थापित करने घोषणा किया था।

## गायत्री पीठ के महायज्ञ में चंदूलाल हुए शामिल



**राजिम।** गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि साधना पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, हिमांशु साहू, संतोष साहू ,चंद्रलेखा गुप्ता ,टीकम साहू ,विक्रम मेघवानी, रामकुमार साहू ,पवन गुप्ता, साधु निषाद, अमृत साहू, आशीष पांडे ,पुरुषोत्तम दीवान,दीपा साहू, गीतांजलि साहू, सीता साहू ,सावित्री, सरिता यद्दु, गायत्री साहू, आदि शामिल हुए।

